दैनिक
जयवर्द्धन
सच के साथ, समाज के लिए...
स्थानीय खबर, व्यापक नजर
वर्ष - 01 | अंक - 123 | पंजीयन : RJBIL/26/A5478 | राजसमंद : शनिवार, 28 नवंबर 2026 | मूल्य - 2 रुपये | www.jaivardhannews.com | पृष्ठ - 4

पंचायतीराज चुनाव : चारभुजा में निर्विरोध प्रधान चुना, तो देलवाड़ा में आरएलपी छोड़ कृष्णा कांग्रेस से बनी प्रधान

राजसमंद जिले में 9 में से 8 जगह कांग्रेस के प्रधान, 1 जगह भाजपा का बना प्रधान


देवगढ़ में कांग्रेस का प्रधान बनने पर विक्ट्री साइज दिखाते पूर्व विधायक सुदर्शनसिंह रावत व कार्यकर्ता।


कुंभलगढ़ प्रधान सत्यनारायण बायती के साथ कांग्रेस नेता योगेन्द्रसिंह परमार व कार्यकर्ता।


राजसमंद में नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। पंचायतीराज चुनाव के तहत राजसमंद जिले की 9 पंचायत समितियों प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में 8 पंचायत समिति में कांग्रेस के प्रधान निर्वाचित हुए, जबकि एक चारभुजा पंचायत समिति में भाजपा के गोपीलाल भील निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुए। देलवाड़ा में सदस्य बनने के बाद कृष्णा शेर ने आरएलपी छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली। फिर कांग्रेस के सहयोग से प्रधान निर्वाचित हो गई।

पंचायत समिति राजसमंद में प्रधान पद के लिए भाजपा से बसंत कुंवर भाटी और कांग्रेस ने निर्दलीय सदस्यों का सहयोग करते हुए निर्दलीय मंजू कुमावत को अपना प्रधान पद के लिए उम्मीदवार बनाया। शाम साढ़े तीन बजे से मतदान शुरू हुआ और साढ़े चार बजे तक मतगणना के साथ परिणाम सामने आ गया, जिसमें मंजू कुमावत पंचायत समिति राजसमंद की प्रधान निर्वाचित हो गई। इस पर रिटर्निंग अधिकारी ओम प्रभा ने मंजू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। फिर जैसे ही मंजू पंचायत समिति से बाहर निकली, तो सैकड़ों की तादाद में खड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं व कुमावत समाज के लोगों ने जीत के जयकारें लगाए व जोरदार आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की। प्रधान पद के लिए मतदान होते हुए सभी सदस्य वापस बाड़ाबंदी के लिए रवाना हो गए। इधर, कुमावत समाज रुणपछोर चौकी संस्थान अध्यक्ष सुंदरलाल दोराया ने बताया कि उनकी भाजपा से नाराजगी थी, जिसकी वजह से ही निर्दलीय चुनाव लड़ा और आज उनके समाज की बहू व बेटी कांग्रेस के सहयोग से राजसमंद की प्रधान बनी, जबकि समाजजनों ने भाजपा के पदाधिकारियों से भी संपर्क किया, मगर समाज का मान नहीं रखा।



खमनोर प्रधान बने कांग्रेस के कुकसिंह

पंचायत समिति खमनोर में प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुकसिंह और भाजपा प्रत्याशी माया कुंवर नरेंद्रसिंह ने नामांकन भरा। मतदान के बाद मतगणना हुई, जिसमें कुकसिंह को 15 वोट मिले, जबकि माया कुंवर को 4 मत प्राप्त हुए। इस पर प्रधान निर्वाचित कुकसिंह को नायबद्वारा रिटर्निंग अधिकारी भागीरथ सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधान निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया गया।



देलवाड़ा में आरएलपी छोड़ी, कांग्रेस से प्रधान बनी कृष्णा

पंचायत समिति देलवाड़ा ने प्रधान पद के लिए कांग्रेस से कृष्णा शेर ने नामांकन भरा, जबकि भाजपा से रानी खटीक ने नामांकन भरा। कृष्णा को 10 वोट मिले, जबकि रानी को 5 वोट मिले। यहां दिलचस्प बात यह है कि कृष्णा शेर ने पंचायत समिति सदस्य का चुनाव आरएलपी के सिंबल पर लड़ा और सदस्य बनी। फिर आरएलपी की सदस्यता से त्याग पत्र देकर कांग्रेस ज्वाइन कर ली। फिर कांग्रेस के सिंबल पर देलवाड़ा प्रधान का चुनाव लड़ा और जीत गई।



कुंभलगढ़ में सत्यनारायण बायती बने प्रधान

पंचायत समिति कुंभलगढ़ में प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सत्यनारायण बायती और भाजपा प्रत्याशी मगनसिंह ने नामांकन भरा। मतगणना में परिणाम सामने आया, जिसमें कांग्रेस के सत्यनारायण बायती को 10 वोट मिले, जबकि मगनसिंह को 5 वोट मिले। निर्दलीय व बीएपी ने भाजपा के मगनसिह को वोट दिया। इस तरह कांग्रेस के सत्यनारायण बायती प्रधान निर्वाचित हो गए। इस पर कुंभलगढ़ के रिटर्निंग अधिकारी नरेश कुमार सोनी ने प्रधान बायती को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र दिया। भाई के कुंभलगढ़ प्रधान निर्वाचित होने पर कांग्रेस से जुड़े बिहारीलाल बायती ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली। इस पर प्रधान की मौजूदगी में कांग्रेस युवा नेता योगेन्द्रसिंह परमार व लक्ष्मण गुर्जर ने कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।



चारभुजा में गोपीलाल निर्विरोध प्रधान बने

पंचायत समिति चारभुजा- गढ़बोर में भाजपा प्रत्याशी गोपीलाल भील निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हो गए। यहां पर कांग्रेस की तरफ से कोई नामांकन ही दाखिल नहीं किया गया। गोपीलाल के प्रधान बनते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत के जयकारें लगाए और आतिशबाजी कर जश्न मनाया।



रेलमगरा में शंभूलाल जाट बने प्रधान

पंचायत समिति रेलमगरा में प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के शंभूलाल जाट निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हो गए। यहां भाजपा से महेंद्र मान ने प्रधान पद के लिए नामांकन भरा, जबकि कांग्रेस से शंभूलाल जाट ने आवेदन किया। मतगणना में शंभूलाल जाट को 12 वोट मिले, जबकि महेंद्र मान को 9 मत वोट मिले। रिटर्निंग अधिकारी आकांक्षा दुबे ने प्रधान निर्वाचित हुए शंभूलाल जाट को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी कर जीत के जयकारें लगाए। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर कंधों पर उठा लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह चौहान के साथ समर्थकों ने स्वागत किया। चौहान पिछले कार्यकाल में इसी पंचायत समिति में प्रधान रह चुके हैं।


राजसमंद पंचायत समिति के बाहर तैनात पुलिस बल।

भीम में कांग्रेस की सपना कुमारी बनी प्रधान



पंचायत समिति भीम में प्रधान पद के लिए कांग्रेस से सपना कुमारी ने नामांकन भरा, जबकि भाजपा से सुनीता देवी ने चुनाव लड़ा। मतदान के बाद मतगणना हुई, जिसमें सपना कुमारी को 12 वोट मिले, जबकि सुनीता को सिर्फ 7 मत प्राप्त हुए। इस पर रिटर्निंग अधिकारी नीरज मिश्रा ने प्रधान निर्वाचित सपना कुमारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें प्रधान निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया गया।

आमेट में कांग्रेस की गणेश कंवर चुंडावत बनी प्रधान



पंचायत समिति आमेट में प्रधान पद के लिए कांग्रेस से गणेश कुंवर चुंडावत पत्नी अर्जुनसिंह देवरिया ने नामांकन भरा, जबकि भाजपा से पिन्टू कंवर ने आवेदन किया। मतदान के बाद मतगणना हुई, जिसमें गणेश कंवर को 10 वोट मिले, जबकि पिन्टू कंवर को 7 वोट मिले। इस तरह गणेश कंवर आमेट की प्रधान निर्वाचित हो गई। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। मतगणना स्थल के बाहर सैकड़ों की तादाद में लोग जमा थे, जबकि कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर विशेष पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

देवगढ़ पंचायत समिति में गीता गुर्जर बनी प्रधान



पंचायत समिति देवगढ़ में प्रधान पद के लिए भाजपा से दो सदस्य रमेश व रतन कंवर ने नामांकन भरा, जबकि कांग्रेस से गीता गुर्जर ने नामांकन भरा। फिर भाजपा के रमेश ने नामांकन उठा लिया। इस तरह रतन कंवर व गीता गुर्जर के बीच सीधा मुकाबला रहा। मतदान के बाद मत परिणाम सामने आया, जिसमें कांग्रेस को 11 वोट मिले, जबकि भाजपा को 4 वोट ही मिले। भाजपा के एक सदस्य ने कांग्रेस प्रधान के समर्थन में क्रॉस वोट दिया। यहां कांग्रेस के 10 सदस्य बने, जबकि भाजपा के 5 बने थे। कुल 15 वार्ड है। निर्वाचन के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने प्रधान गीता गुर्जर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उधर बाहर, समर्थकों ने जोरदार आतिशबाजी कर नवनिर्वाचित प्रधान गीता गुर्जर का माला पहनाकर स्वागत किया। कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस तैनात रही।



जयवर्द्धन न्यूज
www.jaivardhannews.com
सम्पादकीय

समाज में प्रतिष्ठा का नया पैमाना

कभी समाज में किसी व्यक्ति की पहचान उसके व्यवहार, विचारों, परोपकार और समाज के प्रति योगदान से होती थी। जिसके दरवाजे पर जरूरतमंद को सहारा मिलता था, जिसे लोग मुश्किल वक्त में याद करते थे, वही वास्तविक सम्मान का हकदार माना जाता था। लेकिन बदलते दौर में सामाजिक प्रतिष्ठा के पैमाने भी बदलते नजर आ रहे हैं। अब कई जगह सम्मान का आकलन व्यक्ति की संपन्नता, महंगी गाड़ियों, आलीशान मकानों और बड़े आयोजनों से होने लगा है। शादियों और सामाजिक समारोहों में बढ़ता दिखावा इस मानसिकता का बड़ा उदाहरण है। लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर आयोजन करना, महंगे उपहार देना और अपनी आर्थिक हैसियत का प्रदर्शन करना मानो प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया है। इस प्रतिस्पर्धा में मध्यमवर्गीय और सामान्य परिवार भी पीछे नहीं रहना चाहते। कई बार सामाजिक दबाव में परिवार अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं। इसका परिणाम कर्ज और आर्थिक परेशानियों के रूप में सामने आता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि समाज में सादगी से जीवन जीने वाले और जरूरतमंदों की मदद करने वाले लोगों की तुलना में दिखावे पर खर्च करने वालों को अधिक महत्व मिलने लगा है। सामाजिक संस्थाओं के मंचों पर सम्मान और माल्यार्पण की परंपरा तो बढ़ रही है, लेकिन वास्तविक समाजसेवा को कितना महत्व मिल रहा है, यह विचारणीय प्रश्न है। समाज को यह समझना होगा कि प्रतिष्ठा खरीदी नहीं जाती, बल्कि अपने कर्मों से अर्जित की जाती है। किसी गरीब विद्यार्थी की पढ़ाई में सहयोग करना, जरूरतमंद परिवार की मदद करना और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ खड़ा होना किसी भव्य आयोजन से कहीं अधिक मूल्यवान है। समय आ गया है कि हम सम्मान का पैमाना बदलें। समाज को धनवान नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार लोगों को आदर्श बनाना होगा। क्योंकि दिखावे से तालियां मिल सकती हैं, लेकिन सच्चा सम्मान केवल अच्छे कर्मों से मिलता है।



लक्ष्मणसिंह राठौड़
सम्पादक
www.jaivardhannews.com

15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। राजनगर थाना पुलिस ने करीब तीन साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मनीष मीणा पुत्र शंकर मीणा निवासी दौतली नाका, लिंबेरदार नेवा तलई, थाना जावर माइंस, जिला सलूंबर, राजनगर थाने में दर्ज चोरी के एक मामले में वांछित था। उस पर मकान में घुसकर चोरी करने का आरोप है। मामले में न्यायालय की ओर से स्थायी वारंट जारी था और उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। वह पहाड़ी इलाकों में छिपकर पुलिस की कार्रवाई से बचता रहा। इस बीच पुलिस को उसके डूंगरपुर जिले के मुतली गांव स्थित ससुराल में होने की जानकारी मिली। इसके बाद राजनगर थाना पुलिस ने डूंगरपुर की सदर थाना पुलिस और कंटक मोचन टीम के साथ मिलकर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया।

2 साल की बच्ची उठा ले गया पैंथर

जयवर्द्धन न्यूज @ उदयपुर। जिले में लेपर्ड के हमले में 2 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची घर के आंगन में खेल रही थी। तभी लेपर्ड ने छत से बच्ची के ऊपर छलांग लगा दी। रोने की आवाज सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो लेपर्ड भाग गया। बच्ची लहूलुहान हालत में पड़ी थी। घटना उदयपुर शहर से करीब 25 किमी दूर गिर्वा पंचायत समिति क्षेत्र के लकड़वास ग्राम पंचायत के गांव धामधर की गुरुवार शाम 7:30 बजे की है। गांव पहाड़ी इलाके के पास है। पहाड़ी पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर घर बने हुए हैं। पहाड़ी से सटा सुरेश मीणा का घर है। उनकी बेटी नीलम उर्फ नगीना (2) पर लेपर्ड ने हमला किया।

बच्ची के चाचा रमेश मीणा ने बताया- नीलम की मां घर के अंदर खाना



बना रही थी। नीलम बाहर अहाते (आंगन) में थी। इस दौरान लेपर्ड ने उस पर हमला कर दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसकी मां और परिवार के अन्य लोग पहुंचे। लहूलुहान हालत में पड़ी बच्ची को उठाकर एमबी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना वन विभाग और पटवारी को दी गई। गिर्वा तहसीलदार गणेश कुमार विजयवर्गीय और सहायक वन संरक्षक राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। सहायक वन संरक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया- गांव के पास झामरकोटड़ा का पहाड़ी इलाका और जंगल है। मकान के आसपास दो पिंजरे और पांच ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं ताकि लेपर्ड के मूवमेंट पर नजर रखी जा सके।

रात 12 बजे लेपर्ड का मूवमेंट दिखा

ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार रात करीब 12 बजे लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया था। थोड़ी देर में लेपर्ड झाड़ियों में से होकर पहाड़ी की तरफ चला गया। वन विभाग की टीम पिंजरे और कैमरा लगातार निगरानी कर रही है। लोग पूरी रात दहशत में रहे। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन की टीम के सामने आक्रोश भी जताया। ग्रामीणों ने जल्द लेपर्ड को पकड़ने की मांग की है। नीलम के पिता सुरेश मीणा झामरकोटड़ा में फैक्ट्री में हेल्पर का काम करते हैं। उनका सात साल का बेटा भी है। परिवार के सदस्य हंसी-खुशी में थे। बच्ची की मौत से घर में मातम छा गया।

हवाई हमले व ब्लैक आउट संबंधी मॉक पर बैठक

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। नागरिक सुरक्षा के तहत हवाई हमले एवं ब्लैक आउट से संबंधित मॉक अभ्यास को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कस्वा ने पुलिस व प्रशासनिक, अधिकारी व कार्मिकों की विशेष बैठक ली। 28 नवंबर को प्रस्तावित मॉक अभ्यास के लिए सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



नागरिक सुरक्षा से जुड़े अभ्यास का उद्देश्य आपात परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय एवं प्रतिक्रिया व्यवस्था को प्रभावी बनाना है। मॉक ड्रिल के दौरान शनिवार को शहर में सायरन बजेगा व बिजली कटौती की जाएगी। ऐसे में आमजन को संयम बरतने व नहीं घबराने की अपील की गई है। इस दौरान उपखंड अधिकारी ओम प्रभा, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपाल सिंह सहित नगर परिषद, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवहन, विद्युत निगम, होमगार्ड, यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

चराना पंचायत में 10 साल बाद शुरू हुई ई-मित्र सेवा

जयवर्द्धन न्यूज @ रेलमगरा। ग्राम पंचायत चराना में करीब 10 साल के लंबे इंतजार के बाद पंचायत स्तर पर ई-मित्र सेवा शुरू की गई है। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सरपंच लोकेश कुमार सुखवाल की पहल पर इस सुविधा का शुभारंभ किया गया। पंचायत में पिछले करीब एक दशक से ई-मित्र केंद्र संचालित नहीं होने के कारण ग्रामीणों को सरकारी और ऑनलाइन कार्यों के लिए दूसरे गांवों और कस्बों में जाना पड़ता था। इससे ग्रामीणों का समय और धन दोनों खर्च होते थे। अब गांव में ही यह सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत चराना में पिछले लगभग 10 वर्षों से ई-मित्र की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अभाव में ग्रामीणों को छोटे-छोटे ऑनलाइन कार्यों,



जरूरी दस्तावेजों और सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रक्रियाओं के लिए आसपास के कस्बों या दूसरे गांवों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कई बार इन कार्यों के लिए ग्रामीणों का पूरा दिन खराब हो जाता था और आने-जाने में अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता था। ई-मित्र सेवा शुरू होने से अब ग्रामीण अपने ही गांव में मूल निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र और आय प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पंजीकरण, विभिन्न भर्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा अन्य सरकारी ऑनलाइन कार्य भी स्थानीय स्तर पर हो सकेंगे। पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरे गांवों या तहसील मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनका समय और आने-जाने का किराया दोनों बचेंगे तथा जरूरी कार्य भी सुगमता से पूरे हो सकेंगे।

संविधान दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

ई-मित्र सेवा के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वार्ड पंचों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भारतीय संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। संविधान दिवस के अवसर पर पंचायत स्तर पर डिजिटल सुविधा की शुरुआत को ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण कदम माना गया। करीब 10 साल से चली आ रही इस समस्या का समाधान होने पर ग्रामीणों ने राहत जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब मूल निवास, जाति और आय प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के ऑनलाइन कार्यों के लिए उन्हें दूसरे स्थानों पर नहीं भटकना पड़ेगा।

उदयपुर में भाजपा ने बनाए 11 प्रधान, कांग्रेस ने 8 सीटों पर मारी बाजी

पूर्व मंत्री से लेकर विधायक का भाई बना प्रधान

जयवर्द्धन न्यूज @ जयपुर।

उदयपुर। जिले की 20 पंचायत समितियों में प्रधान के लिए चुनाव हुए। 20 पंचायत समितियों में 11 में भाजपा, 8 में कांग्रेस और एक में निर्दलीय प्रधान बना है। सायरा में पूर्व मंत्री डॉ मांगीलाल गरासिया प्रधान बने है। उन्होंने बीजेपी के सवाराम को हराया। नयागांव में कांग्रेस से पन्ना लाल परमार प्रधान बने है। उनके भाई दयाराम परमार पूर्व विधायक व मंत्री है। वल्लभनगर पंचायत समिति से भाजपा की पूनम मेनारिया निर्विरोध जीत चुकी हैं। वहां पर कांग्रेस को 1 सदस्य होने से नहीं प्रस्तावक मिला। इस कारण कांग्रेस की तरफ नामांकन दाखिल नहीं हुआ। इससे पहले दिन में वल्लभनगर की पूर्व कांग्रेस विधायक प्रीति शक्तावत ने कहा कि भींडर पंचायत समिति से हमारे उम्मीदवार भाजपा नेताओं के कब्जे में है। उन्होंने भींडर में पंचायत समिति के बाहर आरोप लगाया कि पंचायत समिति भींडर में कांग्रेस उम्मीदवार दिव्या तंवर और उनके पति रणजीत सिंह लापता है। उन्होंने कहा कि मुझे शक है कि निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के कब्जे में है। पहले नामांकन के दौरान झाड़ोल पंचायत समिति में भाजपा की आशा देवी ने नामांकन वापस ले लिया था।

उदयपुर में कहां भाजपा व कांग्रेस के प्रधान बने

उदयपुर जिले में पंचायतीराज चुनाव के तहत एक पंचायत समिति झाड़ोल में निर्दलीय प्रत्याशी रेखा देवी प्रधान बनी। भाजपा ने बड़गांव, भींडर, देवला, गिर्वा, गोगुंदा, खेरवाड़ा, कोटड़ा, मावली, नाई, सुलाव और वल्लभनगर में जीत दर्ज की। वहीं कांग्रेस ने घासा, कल्याणपुर, कुराबड़, नयागांव, ओगणा, फलासिया, ऋषभदेव और सायरा पंचायत समितियों में प्रधान पद हासिल किया।

पूर्व मंत्री बने सायरा प्रधान

उदयपुर के सायरा पंचायत समिति में कांग्रेस को बहुमत है। यहां पर गहलोत सरकार में खेल राज्यमंत्री रहे डा. मांगीलाल गरासिया ने प्रधान के लिए नामांकन भरा है। यहां पर भाजपा से सवाराम ने पर्चा भरा है। सायरा में 15 में से 13 कांग्रेस और 2 भाजपा सदस्य जीते है। गरासिया सायरा के प्रधान बन गए।

सास प्रमुख व बहू बनी प्रधान

जोधपुर में सास प्रमिला चौधरी जिला प्रमुख और बहू सोनिया जयंत चौधरी पीपाड़ पंचायत समिति की प्रधान निर्वाचित हुई हैं। दोनों कांग्रेस पार्टी से हैं। प्रमिला चौधरी 25 नवंबर को जोधपुर जिला प्रमुख बनी थी। अब उनकी बहू सोनिया चौधरी पीपाड़ पंचायत समिति की प्रधान निर्वाचित हुई है। वे दूसरी बार प्रधान है। वे पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ की पोती हैं।

कुरज गांव में चोरी की अजब घटना, पुलिस की गजब कार्रवाई

चोरी से घरवाले बेखबर, पुलिस ने पकड़ा चोर



जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। घर से सोने चांदी के जेवर चोरी हो गए, मगर परिजनों को कानोंकान खबर ही नहीं लगी। संदिग्ध गतिविधि पर कुंवारिया थाना पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, तो एक मकान से चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी की जानकारी पर पुलिस जब पीड़ित के घर पहुंची और चोरी के बारे में पूछा, तो परिजनों चोरी की घटना से ही इनकार कर दिया। बाद में घर की खिड़की टूटी होने पर परिजनों ने देखा तो चोरी का पता चला। पुलिस ने जेवर चुराने वाले व चोरी के जेवर खरीददार को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी है। एसपी हेमंत कलाल ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि के बदमाशों पर पुलिस नियमित निगरानी करती है। इसके तहत कुंवारिया थाना प्रभारी पूरणसिंह राजपुरोहित व एएसआई रामसिंह, जसवंतसिंह, रामफल, रामेश्वरलाल, विनोद व मुकेश ने संदिग्ध गतिविधि पर कुरज निवासी 20 वर्षीय कन्हैयालाल उर्फ कान्हा पुत्र माधवलाल माली को पकड़ा। पुलिस ने रेंडम पूछताछ की, तो आरोपी कन्हैयालाल ने कुरज निवासी सत्यनारायण लावटी के घर चोरी करना कबूल कर लिया, जबकि परिजनों ने चोरी की कोई रिपोर्ट ही नहीं दी। इस पर पुलिस पीड़ित सत्यनारायण के घर पहुंची और चोरी के बारे में पूछा, तो एक बारगी परिजनों ने चोरी की बात से इनकार कर दिया। बाद में घर की एक खिड़की टूटी दिखी, तो घर में तलाशी लेने पर सोने व चांदी के जेवर चोरी होने का पता चला। इस पर महेश कुमार लावटी की रिपोर्ट पर कुंवारिया थाना पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया और आरोपी कन्हैयालाल माली को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चोरी का माल कुरज निवासी कालू उर्फ पप्पु पुत्र रतनलाल अहीर को बेचना बताया, तो पुलिस ने कालू उर्फ पप्पू अहीर को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि चोरी में सहयोगी रहे कुरज निवासी बबलू उर्फ कालू पुत्र मदनलाल रेगर की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी कालू उर्फ पप्पू अहीर की निशानदेही से चोरी का माल बरामद कर लिया, जिसमें सोने की अंगूठी, सिर का सोने का टीका,कानो के झाले, कानों के टॉप्स व चांदी की टोकरिया, पायजेब दो जोड़ी, चांदी का नारियल व चांदी का सिक्का आदि बरामद कर लिए हैं।

कुएं की खुदाई के नाम पर 4.70 लाख का भुगतान, गड़बड़ी का आरोप

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। गोवलिया गांव में कुएं की खुदाई के नाम पर 4 लाख 70 हजार 122 रुपए का भुगतान होने के बाद ग्रामीणों ने गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 40 फीट गहरा कुआं बिना मुंडेर के खुला पड़ा है और उसमें पानी भी नहीं है। उन्होंने पंचायत कर्मचारियों और ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, कुएं का काम 18 मार्च 2024 को शुरू हुआ था। 24 सितंबर 2026 को अमन कंस्ट्रक्शन के नाम पर ओपन वेल कुएं के मद में भुगतान किया गया। वार्ड पंच लक्ष्मणलाल कुमावत सहित ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर पहले से गड्ढा था। उन्होंने खुदाई, भुगतान के बिल और माप पुस्तिका की जांच कराने की मांग की है। वहीं, झोर पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी देवीलाल पोसवाल ने बताया कि जिला परिषद की एसएफसी योजना के तहत कुएं की खुदाई करवाई गई है। उन्होंने गड़बड़ी के आरोपों को गलत बताया।

मां-बहन के झगड़े से तंग बेटे ने उठाया खौफनाक कदम, दोनों की हत्या कर खुद भी दी जान,दीवार पर छोड़ा सुसाइड नोट

जयवर्द्धन न्यूज @ जयपुर। राजधानी जयपुर के भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मां और बहन के बीच आए दिन होने वाले झगड़ों से परेशान होकर बेटे ने दोनों की हत्या कर दी और बाद में खुद भी फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार दोपहर 26 नवंबर की बताई जा रही है, जबकि इसका खुलासा शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। तीनों के शव घर के एक ही कमरे में मिले।

मृतकों की पहचान सरोज देवी (50), उनकी बेटी शिवांगी (25) और बेटे लक्की (27) के रूप में हुई है। पुलिस को घटनास्थल पर दीवार पर एक कागज चिपका मिला, जिस पर लिखा था- मेरा सुसाइड नोट मोबाइल फोन में है। कागज पर मोबाइल का पिन नंबर भी लिखा हुआ था। पुलिस ने मोबाइल अनलॉक कर सुसाइड नोट बरामद किया। इसमें लक्की ने परिवार में मानसिक बीमारी होने और खुद भी इससे प्रभावित होने का उल्लेख किया है। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह के अनुसार गुरुवार को भी मां और बहन के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि बहन मां के साथ मारपीट कर रही थी। इसी विवाद से परेशान होकर लक्की ने मां और बहन की हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में परिवार में पहले से मानसिक बीमारी के लक्षण होने और कुछ साल पहले जांच करवाने का भी जिक्र मिला है। बताया गया कि लक्की के पिता ने भी करीब 26 साल पहले आत्महत्या की थी।

फोन करने पर खुलासा

शुक्रवार सुबह सरोज देवी के पिता दीप तिवारी ने परिवार के सदस्यों को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इस पर उन्होंने पड़ोसियों को फोन कर घर जाकर देखने को कहा। पड़ोसी पहुंचे तो कमरे में तीनों के शव मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्य ज्यादातर घर पर ही रहते थे। लक्की ऑनलाइन काम करता था और उसका बाहर आना-जाना भी कम था। घटना के बाद शवों को अस्पताल ले जाने के तरीके को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि पुलिस तीनों शवों को एंबुलेंस के बजाय एक पिकअप वाहन में डालकर अस्पताल ले गई। इस मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

रेलमगरा नगर कांग्रेस कमेटी ने मनाया संविधान दिवस



जयवर्द्धन न्यूज @ रेलमगरा। संविधान दिवस पर नगर कांग्रेस कमेटी रेलमगरा ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यकर्ताओं ने संविधान बनाने में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संविधान की मूल भावना, लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और भाईचारे के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने में भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ओमप्रकाश व्यास, पुष्कर खटीक, माजिद हुसैन, मुकेश रेगर, चंद्रेश रेगर, भगवतीलाल सरगरा, नंदलाल सेन, लियाकत हुसैन, अल्ताफ हुसैन और उनवान चिश्ती सहित कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यायालय में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



जयवर्द्धन न्यूज @ नाथद्वारा। राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति, नाथद्वारा की ओर से न्यायालय परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रताप सिंह राठौड़ ने की। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता जितेन्द्र पालीवाल ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। इस अवसर पर न्यायाधीश राठौड़ ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना भारतीय संविधान की आत्मा है। इसमें निहित 'हम भारत के लोग' शब्द नागरिकों की सर्वोच्च शक्ति को दर्शाते हैं। संविधान प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्रदान करने के साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संजु चौधरी, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट भरत सैनी, विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) शिवानी सोलंकी, अपर लोक अभियोजक लोकेश माली, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक पालीवाल सहित अन्य अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

SBS स्कूल में मना संविधान दिवस



जयवर्द्धन न्यूज @ नाथद्वारा। सरदार भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संविधान दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

समारोह में संस्था अध्यक्ष मांगीलाल समीदिया, संस्थापक नरेश प्रजापत एवं एडवोकेट प्रो. एस.एल. शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय संविधान की विशेषताओं और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान संस्था के उपप्रबंधक यशवंत प्रजापत ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया।

वहीं प्रधानाचार्या सुनीता चौहान ने अपने प्रयासों से वृत्तचित्र एवं अभिनय शैली के माध्यम से संविधान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति का अवलोकन सचिव मोनिका प्रजापत एवं साक्षी पुरोहित ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापिका जमुना कुमावत एवं कृष्णा श्रीमाली ने किया।

बाड़मेर में रविंद्र सिंह भाटी का चला जादू

शिव पंचायत समिति में दीनदयाल निर्विरोध बने प्रधान



जयवर्द्धन न्यूज @ बाड़मेर। जिले की शिव पंचायत समिति में प्रधान पद के चुनाव में निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी समर्थित दीनदयाल कुमावत निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुए हैं। पंचायत समिति में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के बावजूद दीनदयाल के निर्विरोध निर्वाचन से क्षेत्र के सियासी समीकरण बदल गए हैं। प्रधान पद के लिए मतदान की नौबत नहीं आई।

शिव पंचायत समिति में प्रधान पद को लेकर पिछले कई दिनों से राजनीतिक गतिविधियां चल रही थीं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविंद्र सिंह भाटी ने कांग्रेस के साथ सियासी तालमेल बनाया, जिसके बाद उनके समर्थित प्रत्याशी दीनदयाल कुमावत के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हुआ। शिव पंचायत समिति की कुल 15 सीटों में से 6 पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी। इनमें सभी को रविंद्र सिंह भाटी का समर्थित बताया गया है। वहीं कांग्रेस ने 5, भाजपा ने 3 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने एक सीट जीती थी। प्रधान पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 8 था। ऐसे में किसी भी दल के पास अपने दम पर प्रधान बनाने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं थी। दीनदयाल कुमावत ने वार्ड संख्या 6 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। अब वे पंचायत समिति के प्रधान बन गए हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन के बाद क्षेत्र में भाटी की राजनीतिक रणनीति और कांग्रेस के साथ हुए तालमेल की चर्चा है।

www.jaivardhannews.com

संक्षिप्त खबरें

कालबेलिया बस्ती के घर में सांप, रेस्क्यू कर पकड़ा

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। शहर में एसआरके कॉलेज के सामने कालबेलिया बस्ती के एक घर में सांप आने से हड़कंप मच गया। करीब 6 फ़ीट लम्बा धामण सांप था। सूचना पर पीपरड़ा से वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत अपनी टीम सदस्य यशवंत और राजेश के साथ मौके पर पहुंचे। फिर रेस्क्यू कर सांप को पकड़ लिया। बाद में उसे पुनः जंगल में छोड़ दिया।

गरुड़ शिखर पर नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। राज्यावास कस्बे की समवर्ती ग्राम पंचायत सथाना स्थित गरुड़ शिखर पर बुधवार शाम से नौ दिवसीय नवान्ह अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। गरुड़ शिखर के महाराज अवधुतशरण जी ने बताया कि वृंदावन स्थित श्रीराम सेवा आश्रम से स्वामी श्रीनवलरामजी महाराज के सानिध्य में आए 35 सदस्यों के दल द्वारा संगीतमय हरिनाम का अखंड कीर्तन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 3 दिसंबर गुरुवार तक चलेगा। कीर्तन के दौरान भजन, संकीर्तन और हरिनाम की मधुर धुनों से गरुड़ शिखर का वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। प्रतिदिन हरि कीर्तन के साथ दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर से पधारे साधु-संतों के प्रवचन भी होंगे। संत-महात्मा श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सत्संग और आध्यात्मिक जीवन का महत्व बताएंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह है। धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचेंगे।

1 से 3 दिसंबर तक होगा कुंभलगढ़ महोत्सव

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। कुंभलगढ़ की धरती एक बार फिर राजस्थान की कला, संस्कृति और लोक परंपराओं की रंगीन प्रस्तुतियों से गुलजार होगी। राजस्थान पर्यटन एवं जिला प्रशासन राजसमंद की ओर से 1 से 3 दिसंबर तक कुंभलगढ़ महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, संगीत, नृत्य और पारंपरिक कलाओं की झलक देखने को मिलेगी। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक दिन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें राजस्थानी लोक नृत्य एवं संगीत के साथ पारंपरिक पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा लोक कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करेंगे।

संविधान दिवस पर दिलाई प्रस्तावना की शपथ

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। सिविल न्यायाधीश एंव न्यायिक मजिस्ट्रेट कुंभलगढ़ न्यायाधीश प्रमोद तथा कुंभलगढ़ बार एसोसिएशन अध्यक्ष लालसिंह परमार ने गुरुवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया तथा प्रस्तावना की शपथ दिलाई। अधिवक्ता बिहारीलाल बायती, केसरलाल आमेटा, जितेंद्र देवपुरा, डालचंद मेघवाल, अशोक सोनी, हुकम सिंह सिसोदिया, अनिल असावा, जगदीश पालीवाल, सूरज शर्मा, गोपाल शर्मा, योगेश बायती, नीतू परमार, महेंद्र सिंह, शंकर लाल मेघवाल, गोरधन मेघवाल, मनीष जोशी, ललित कुमावत व समस्त कर्मचारीगण, कोर्ट मुंशी तथा पक्षकारान की उपस्थिति में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा संविधान में निहित मूलभूत आदर्शों, मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति निष्ठा रखने की शपथ ग्रहण की गई।

10 हजार मीटर दौड़ में तुलसासिंह ने जीता कांस्य

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर की अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय देवगढ़ के धावक तुलसासिंह बेटे ने 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता एमबी स्पोर्ट्स ग्राउंड उदयपुर में हुई। तुलसासिंह ने 10 हजार मीटर की दूरी 35 मिनट 5 सेकंड में पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य ने खुशी जताई। खेल प्रभारी महेंद्रपालसिंह ने कहा कि यह मेहनत और अनुशासन का नतीजा है। तुलसासिंह ने सफलता का श्रेय कोच, शिक्षकों, परिवार को दिया। कहा, आगे भी मेहनत जारी रखेंगे।

परिवादी व गवाह बयानों से मुकर गए, एसीबी स्पेशल कोर्ट ने तथ्यों के आधार पर किया दंडित

रिश्वत लेते पकड़े डॉक्टर को सजा

आरके जिला अस्पताल के डॉक्टर को 4 वर्ष के कारावास का दंड

जयवर्द्धन न्यूज @ राजसमंद। रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुए आरके जिला चिकित्सालय के तत्कालीन डॉक्टर को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने 4 साल के कारावास की सजा सुनाई है। जिसकी शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने डॉक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था, वह परिवादी और गवाह भी अपने बयानों से मुकर गए, लेकिन अदालत ने एसीबी की जांच, फोरेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार सिंघल को दोषी करार दिया। कोर्ट के फैसले पर आरोपी डॉक्टर को तत्काल कस्टडी में लेकर जेल भेज दिया गया।

एसीबी कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक अरविंद लक्षकार ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजसमंद के तत्कालनी एएसपी महावीरसिंह राणावत के नेतृत्व में टीम ने आरके जिला चिकित्सालय के सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार सिंघल को 6 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दरअसल एमड़ी निवासी युद्धवीरसिंह ने एसीबी चौकी राजसमंद में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी पत्नी के पेट दर्द



होने पर आरके जिला अस्पताल ले गए, जहां सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार सिंघल ने 12 हजार रुपए रिश्वत मांगी। तंगहाली व गरीबी हालात बताने पर डॉक्टर ने 6 हजार 500 रुपए पर सहमति बनी। इस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया, जिसमें 500 रुपए रियायत के साथ 6 हजार रुपए रिश्वत मांगने की बात सही पाई। इस पर एसीबी की टीम ने उसी दिन 6 हजार रुपए रिश्वत लेते डॉ. कृष्णकुमार सिंघल को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने जांच के बाद एसीबी स्पेशल कोर्ट उदयपुर में चालान पेश किया। फिर राजसमंद में एसीबी कोर्ट खुलने से मामला राजसमंद ट्रांसफर हो गया। यहां सुनवाई के दौरान परिवादी युद्धवीरसिंह और गवाह अपने बयानों से मुकर गए और बयान दिए कि उससे कोई रिश्वत नहीं ली। डॉक्टर ने तो उधार दिए पैसे मांगे थे, जो लौटाए हैं। गवाह भी बयानों से पलट गए। इस पर विशिष्ट लोक अभियोक अरविंद लक्षकार ने एसीबी की जांच रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच के तथ्य कोर्ट के समक्ष पेश किए। विशिष्ट लोक अभियोजक लक्षकार ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के 23 फरवरी 2023 के नीरज दत्ता बनाम राज्य सरकार दिल्ली के प्रकरण का जिक्र करते हुए अदालत में बताया कि परिवादी व गवाहों के पक्षद्रोही होने के बावजूद शेष परिस्थितिजन्य साक्ष्य, रिश्वत लेन-देन वार्ता, रंगे हाथ गिरफ्तार की जांच रिपोर्ट से रिश्वत मांगने व लेने की पुष्टि होती है, तो ऐसे में केवल परिवादी व गवाहों के मुकरने से सच को नहीं नकारा जा सकता। इस पर एसीबी स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश अनिल शर्मा ने आरके जिला चिकित्सालय में रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुए तत्कालीन सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार सिंघल को दोषी करार दिया। सजा करार होने के साथ ही न्यायाधीश ने आरोपी सर्जन डॉक्टर को अदालत से ही सीधे जेल भेज दिया। फिलहाल आरोपी जेल में है।

सजा का आधार

अदालत में ट्रायल के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक अरिवंद लक्षकार द्वारा रिश्वत लेते पकड़े गए सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार सिंघल के विरुद्ध 12 गवाह पेश किए गए। साथ ही 62 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इसमें फोरेंसिक जांच व नोट और हाथ पर लगे केमिकल की पुष्टि हुई। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के नीरज दत्ता बनाम राज्य सरकार दिल्ली के प्रकरण के तथ्यों को रखा गया। इसमें परिवादी युद्धवीरसिंह व गवाह अपने बयानों से पलट गए, मगर विशिष्ट लोक अभियोजक ने क्रॉस प्रश्न किए, तो परिवादी अपने ही बयानों में झूठ साबित हो गया और अदालत ने आरोपी डॉक्टर कृष्णाकुमार सिंघल को दोषी करार दे दिया।

कारावास के साथ अर्थदंड की भी सजा

रिश्वत लेने के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत आरोपी सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार सिंघल को 3 साल के कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही अदम अदायगी पर 3 माह अतिरिक्त कारावास है। साथ ही धारा 13 डी के तहत 4 साल के कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड तथा अदम अदायगी पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया है।

मुनिवर जोशी ने भारतीय वायु सेना में हासिल की 5वीं रैंक

जयवर्द्धन न्यूज @ नाथद्वारा। क्षेत्र के निकटवर्ती गांव जोशियों की मादड़ी निवासी मुनिवर जोशी पुत्र भंवर लाल जोशी ने भारतीय वायु सेना में एयरमैन पद पर चयनित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने पूरे राजस्थान में 5वीं रैंक प्राप्त कर अपने गांव, परिवार का नाम रोशन किया। मात्र 19 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले मुनिवर जोशी की सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि यह उनकी दूसरी सरकारी



नौकरी है। वर्तमान में वे उदयपुर स्थित आरएनटी मेडिकल कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं।

सरकारी सेवा में होने के बावजूद उनके मन में देश सेवा करने का जज्बा हमेशा कायम रहा। इसी जुनून, मेहनत और लगन के साथ उन्होंने भारतीय वायु सेना में चयन के लिए प्रयास जारी रखे और आखिरकार एयरमैन पद पर राजस्थान में 5वीं रैंक हासिल कर अपना सपना साकार किया। मुनिवर की इस उपलब्धि में खुशी और गर्व का माहौल है।

अभद्र भाषा का यूज करने और सैशन जज पर मकान बेचकर जाने का दबाव बनाने का आरोप

जयपुर में भाजपा विधायक बालमुकुंद पर FIR

जयवर्द्धन न्यूज @ जयपुर। जयपुर के गलतागेट थाने में बुधवार को भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ FIR दर्ज हुई। हवामहल से विधायक बालमुकुंद आचार्य पर अभद्र भाषा का यूज करने का आरोप है। उन्होंने उसका वीडियो बनवाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। गलतागेट थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विधायक के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया- ईदगाह के वन विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद याकूब खान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद याकूब ने शिकायत में बताया कि वह राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट हैं। उनके ताऊजी के बेटे मोहम्मद आरिफ सेशन जज कैडर के न्यायिक अधिकारी हैं, जो जयपुर के बाहर पदस्थापित हैं। बास बदनपुरा की मीणा कॉलोनी में 31 जुलाई 2025 को सेशन जज मोहम्मद आरिफ ने मकान खरीदा था। 10 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 11:30 बजे जज के घर के बाहर विधायक बालमुकुंद आचार्य समर्थकों के साथ पहुंच गए। आरोप है कि विधायक बालमुकुंद आचार्य ने वहां से पलायन करने की बात करते हुए अभद्र और धमकी भरी भाषा का यूज किया। मकान को बेचकर उनके क्षेत्र से बाहर चले जाने का दबाव बनाया। जयपुर के गलताकोट थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर विधायक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। अब इसकी जांच सीआईडी सीबी द्वारा की जाएगी। एफआईआर की फाइल सीआईडी सीबी को भेज दी है।

चोरी के पीछे साजिश के लगे आरोप



आरोप है कि जज मोहम्मद आरिफ के उस क्षेत्र में मकान खरीदने के कारण ही टारगेट किया गया। बार-बार कैमरे को मकान की दीवार पर लिखे नाम की तरफ कर अभद्र भाषा का यूज कर धमकी दी गई। इससे पीड़ित ने खुद और परिवारजनों पर विधायक व उनके समर्थकों के हमला करने की आशंका जताई। जज मोहम्मद आरिफ के मकान पर दो बार चोरी हुई। दोनों बार हुई चोरियों की शिकायत गलतागेट थाने में दी गई। पुलिस की ओर से दोनों ही चोरियों की रिपोर्ट दर्ज करने में एक-एक महीने का समय लग गया। दोनों ही परिवाद की जांच अभी भी पेंडिंग है। दोनों ही चोरियों के तरीके से लगता है कि चोरी हुई नहीं, बल्कि साजिश रचकर करवाई गई है। चोरी में उन लोगों का हाथ है, जो चाहते है कि मोहम्मद आरिफ यहां से मकान बेचकर कहीं ओर चले जाए।

अभद्र भाषा का आरोप

विधायक ने अभद्र भाषा में कहा था कि 'नहीं आया, चौराहे पर कूटूंगा आज। वीडियो और बनाऊंगा। कोई बात नहीं मर जाएगा। मेरा कहना नहीं मानेगा, उस आदमी का यही हाल होगा।' आरोप है कि विधायक बालमुकुंद नहीं चाहते कि इस क्षेत्र में कोई दूसरे धर्म का व्यक्ति आकर मकान खरीदे और अपने मकान की मरम्मत भी करवाए। सेशन जज मोहम्मद आरिफ भी उस क्षेत्र से मकान बेचकर सी-स्कीम या वैशाली नगर चले जाएं। इस घटना का विधायक की ओर से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। कुछ समय बाद वीडियो को हटा भी दिया गया। उस वीडियो की क्लिप सोशल मीडिया पर अब भी शेयर हो रही है।

यहां अपने प्रतिष्ठान का विज्ञापन लगाएं
लाखों लोगों तक पहुंच व प्रचार
अभी संपर्क करें
79762-20600

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक ललिता कुंवर के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कम्प्यूटर्स, नंद भवन, कांवासेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित और ग्राम वागोटा, डाकघर सांगठकला, जिला-राजसंद राजस्थान पिन -313324 से प्रकाशित। संपादक - लक्ष्मणसिंह राठौड़ 9672980901 । समाचार पत्र पंजीयन संख्या - PRGI-RJBIL/26/A5478 (सभी प्रकार के प्रसंगों का न्याय क्षेत्र राजसमंद रहेगा।)